## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# नौ विधानसभा सीटों में सबसे पहले प्रदेश के मुखिया का आएगा रिजल्ट

**तैयारी**

## 10 मार्च को होने वाली मतगणना की तैयारियों में प्रशासन जुटा

**संवाददाता**

देहरादून। जिले की नौ विधानसभा सीटों में सबसे पहले प्रदेश के मुखिया का रिजल्ट आएगा। खटीमा का 10 राउंड में तो रुद्रपुर का 16 राउंड में रिजल्ट घोषित किया जाएगा। 10 मार्च को होने वाली मतगणना की तैयारियों में प्रशासन जुट गया है। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद होगी।

राज्य में 14 फरवरी को हुए मतदान के बाद मतगणना की तैयारियों में जिला प्रशासन जुट गया है। पीठासीन, मतदान अधिकारियों को ईवीएम मशीन में मतगणना का प्रशिक्षण दिया जाएगा। मंडी समिति के स्ट्रांग रुम में ईवीएम मशीनों को सुरक्षित रख दिया गया है। जसपुर में 11, काशीपुर में 15, बाजपुर में 13, गदरपुर में 12, रुद्रपुर में 16, किच्छा में 12, सितारगंज में 10, नानकमत्ता में 11 व खटीमा में 10 राउंड की गिनती होगी। जिस विधानसभा की गिनती पूरी होती जाएगी, उसी प्रकार प्रत्याशियों की हार–जीत घोषित की जाएगी।

सबसे पहले खटीमा का रिजल्ट आएगा। इसके बाद इसके बाद सितारगंज का रिजल्ट आएगा। इसी तरह जसपुर व नानकमत्ता, इसके बाद किच्छा व गदरपुर, इसके बाद बाजपुर, बाद में काशीपुर और लास्ट में रुद्रपुर का रिजल्ट आएगा। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र सिंह भंडारी ने बताया कि मतगणना स्थल पर उम्मीदवार या उनके मुख्य व्ययकर्ता मौजूद रहेंगे। मतगणना के लिए चार–चार टेबल इलेक्ट्रानिक ट्रांसमिशन बैलेट पेपर सिस्टम होगा। सुरक्षा व्यवस्था कड़ी होगी।

गौरतलब है कि भाजपा के एक और विधायक ने चुनाव में भितरघात का मुद्दा उठाया, जिसके बाद पार्टी में हड़कंप मच गया है। यमनोत्री से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले केदार सिंह रावत ने भितरघात का मुद्दा उठाया है। उन्होंने चुनाव में जीत का दावा किया था। अब उनका कहना है कि भितरघात से जीत के अंतर में आएगी कमी। उत्तराखंड विधानसभा का चुनाव निपट जाने के बाद अब सत्तारूढ़ भाजपा के प्रत्याशियों के तीखे तेवर सामने आ रहे हैं। लक्सर के विधायक संजय गुप्ता ने प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक पर अपने चुनाव में हार की साजिश रचने का आरोप लगाकर सनसनी पैदा कर दी।

कुमाऊं मंडल से पार्टी के दो और विधायकों ने चुनाव में भितरघात का आरोप लगाया है। आरोप लगाने वालों में पहले पार्टी विधायक कैलाश गहतोड़ी है। वहीं अब यमनोत्री से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले केदार सिंह रावत ने भितरघात का आरोप लगाया है। मामले में प्रदेश भाजपा लक्सर विधानसभा क्षेत्र के पार्टी विधायक संजय गुप्ता का जवाब तलब करने की बात कही थी।

### यूपी में प्रचार करेंगे भाजपा के 80 नेता

प्रदेश भाजपा के 80 नेता उत्तरप्रदेश विधानसभा के चुनाव प्रचार में जाएंगे। प्रदेश संगठन ने पार्टी केंद्रीय नेतृत्व को चुनाव प्रचार के लिए भेजे जाने वाले नेताओं के नामों की सूची भेज दी है। प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार व प्रदेश महामंत्री कुलदीप कुमार के नेतृत्व में चुनाव प्रचार के लिए जाने वाले दल में मंत्रियों, विधायकों के अलावा प्रदेश पदाधिकारियों व वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल किए गए हैं। प्रदेश महामंत्री कुलदीप कुमार के मुताबिक, 80 लोगों के नामों की सूची केंद्रीय नेतृत्व को सौंप दी गई है। अब केंद्रीय नेतृत्व तय करेगा कि सभी नेताओं को उत्तरप्रदेश में किन विधानसभा सीटों पर प्रचार की जिम्मेदारी संभालनी है।

## न्यूज डायरी

### नेताजी संघर्ष समिति ने छत्रपति शिवाजी की जयंती पर उन्हें याद किया

**संवाददाता** देहरादून। शनिवार को नेताजी संघर्ष समिति के कार्यालय में मराठा सम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी की जयंती पर उन्हें याद किया गया। इस मौके पर समिति के उपाध्याय प्रभात डंडरियाल ने बताया है कि शिवाजी मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी का जन्म 19 फरवरी 1630 को मध्यवर्गीय परिवार में दुर्ग में हुआ था। उन्होंने कहा कि शिवाजी में देशभक्ति कूट–कूट कर भरी थी वह एक कुशल प्रशासक भी थे। समिति के महासचिव आरिफ वारसी ने बताया कि मराठा शिवाजी गोरिल्ला युद्ध रणनीति के महारथी थे। राज्य आंदोलनकारी प्रदीप कुकरेती ने कहा कि बड़े दुख का विषय है कि आज की हमारी युवा पीढ़ी उन क्रांतिकारियों को पूर्णत भूल गई है। शिवाजी को याद करने वालों में आरिफ वारसी,प्रभात डंडरियाल,राम सिंह प्रधान , प्रदीप कुकरेती ,सुशील विरमानी ,विपुल नौटियाल ,राजकुमार बत्रा ,प्रवीण शर्मा ,आदि उपस्थित रहे।

### शाट सर्किट से आठ घास के ढेर हुए खाक

**संवाददाता** बागेश्वर। गरुड़ तहसील के धैना–सिलंवाड़ी गांव में बिजली के तारों से शाट सर्किट होने के कारण आठ घास के ढेर जलकर खाक हो गए हैं। ग्रामीणों ने आग को फैलने से बचा लिया है। पशुपालक को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने ऊर्जा निगम से मुआवजे की मांग की है। ऐसा नहीं होने पर परिवार समेत कार्यालय पर आंदोलन की चेतावनी दी है। ऊर्जा निगम की लापरवाही शहर से लेकर गांवों तक दिखाई देती है। शहर में खंभे जर्जर हालत में हैं। तो गांवों में तार झूल रहे हैं। जिसके कारण आए दिन घटनाएं होती रहती हैं। इसके बावजूद निगम कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर सका है। धैना–सिलंगवाड़ी निवासी भुवन चंद्र अधिकारी ने बताया कि उनके गांव में बिजली के तार झूल रहे हैं। वह पशुपालक हैं।

### माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर 'गुरुजी' की जयंती पर भावपूर्ण श्रद्धजंलि

**संवाददाता** ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने आज वीर शौर्यवान योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर उन्हें याद करते हुये कहा कि शिवाजी महाराज अद्म्य साहस के धनी, योग्य सेनापति तथा कुशल राजनीतिज्ञ थे, जिन्होंने एक मजबूत मराठा साम्राज्य की नींव रखी और दक्कन से लेकर कर्नाटक तक मराठा साम्राज्य का विस्तार किया ऐसे महान शासक को शत–शत नमन। स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि शिवाजी महाराज धर्मपरायण होने के साथ–साथ धर्म सहिष्णु भी थे।

## कपकोट में विदेशी महिला चरस के साथ गिरफ्तार

**संवाददाता** बागेश्वर। कपकोट पुलिस और एसओजी की टीम ने एक विदेशी महिला को 1.040 किलो चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार वह अवैध तरीके से मादक पदार्थ की तस्करी की कोशिश कर रही थी। आरोपित विदेशी महिला को शनिवार को न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा गया है।

पुलिस अधीक्षक अमित श्रीवास्तव ने बताया कि युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए अवैध तरीके से शराब व अन्य मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर पुलिस की नजर है। जिसके लिए एसओजी और पुलिस टीमें लगातार काम कर रही हैं। बीती शुक्रवार की देर शाम पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने पुलिस उपाधीक्षक अंकित भंडारी के पर्यवेक्षण में चेकिग अभियान चलाया। मुखबिर की सूचना पर महिला उपनिरीक्षक खष्टी बिष्ट की टीम ने खाईबगड़ नया पुल तिराहे के पास से संदिग्ध महिला रायर निकोल पुत्री रायर आंद्रे निवासी फ्रांस, हाल निवासी हरी सिंह का मकान कालीमठ, कसार देवी, जनपद अल्मोड़ा को पकड़कर पूछताछ की।

आरोप है कि उसकी तलाशी ली गई तो 1.040 किलोग्राम चरस बरामद हुई है। उसके विरुद्ध धारा 8द्20, 60 एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया है। एसपी अमित श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में किसी विदेशी के चरस के साथ पकड़े जाने का पहला मामला है। हालांकि ऋषिकेश आदि स्थानों पर इस तरह के मुकदमे पहले भी दर्ज हुए हैं।



### दो फ्लोर मिल सहित तीन स्थानों पर छापा, पांच सैंपल भरे

**संवाददाता** रुड़की। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों की टीम ने शनिवार को भी खाद्य सामग्री बनाने वाली कंपनियों को खंगाला। टीम ने दो फ्लोर मिल व एक मसाले बनाने वाली कंपनी से पांच सैंपल लिए हैं, जिन्हें जांच के लिए लैब भेजा जाएगा। टीम तीन दिन में 11 कंपनियों पर छापेमारी कर चुकी हैं। साथ ही उनमें बनने वाली खाद्य सामग्री के सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेजे जा चुके हैं। खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी की लगातार मिल रही शिकायतों को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत विभाग की टीम खाद्य पदार्थ बनाने वाली कंपनियों में छापे मार रही है। वहां की सफाई व्यवस्था सहित अन्य सभी जानकारी ले रही है।

## नए सत्र में शराब में 13 प्रतिशत यानी 10 करोड़ का राजस्व अतिरिक्त मिलेगा

**संवाददाता** अल्मोड़ा। जिले में नए सत्र मे मदिरा के माध्यम से सरकार को 13 प्रतिशत अधिक राजस्व मिलेगा। वहीं पिछले साल नीलामी के दौरान सात देसी दुकानों को संचालित करने के लिए विक्रेता नहीं मिले थे। नए वितीय वर्ष के लिए इन सात दुकानों की नीलामी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

अल्मोड़ा जिले में 31 अंग्रेजी और 19 देसी समेत कुल 50 मदिरा की दुकानें चल रहीं हैं। जबकि सात दुकानें बंद पड़ी हैं। इन दुकानों से हर साल सरकारी खजाने में राजस्व जमा होता है। वर्ष 2020–21 के लिए जिले की सभी दुकानों में कुल 134 करोड़ राजस्व का लक्ष्य तय किया था।

> *पिछली बार 134 करोड़ राजस्व का लक्ष्य था। इस बार बढ़ाकर 144 करोड़ तय किया गया है। टेंडर और अन्य प्रक्रिया चल रही है।*
>
> – संजय कुमार,
> जिला आबकारी अधिकारी।

लेकिन सात दुकानें संचालित नहीं होने से राजस्व में काफी असर पड़ा। वहीं इधर नए सत्र के लिए भी राजस्व लक्ष्य तय किया गया है। नए सत्र में इस बार राजस्व लक्ष्य 10 करोड़ रुपये बढ़ाकर कुल 144 करोड़ कर दिया गया है। अब नए सत्र में जनपद से शराब में 13 प्रतिशत यानी 10 करोड़ का राजस्व अतिरिक्त मिलेगा।

**सात दुकानों के बंद होने से लक्ष्य वसूलने में दिक्कतें:** अल्मोड़ा जिले की 57 शराब की दुकानों के लिए बीते वर्ष 134 करोड़ रुपये लक्ष्य रखा गया था। 50 संचालित दुकानों से लक्ष्य के सापेक्ष 131 करोड़ 5326829 रुपये वसूल लिए गए हैं। जबकि सात बची दुकानों का 2634703 रुपये लक्ष्य बकाया है। जबकि अगले साल के लिए इन सात दुकानों के लिए 7 करोड़ 3816754 रुपये लक्ष्य दिया गया है।

**जिले में १४ बार**

अल्मोड़ा जिले में शराब की 57 दुकानें हैं। जबकि अल्मोड़ा, रानीखेत, द्वाराहाट क्षेत्र समेत विभिन्न स्थानों में कुल 14 बार हैं। शराब की 57 में से 50 दुकानें ही संचालित हो रही हैं। जबकि सात दुकानों को संचालित करने की प्रक्रिया चल रही है। अल्मोड़ा में कुल 50 दुकानें संचालित है।

### चोलूसैंण में 8 मार्च को होगा राठ महोत्सव

**संवाददाता** पौड़ी। पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य कर रही समलौंण संस्था के तत्वावधान में आगामी 8 मार्च को पाबौ के जीआइसी चोलूसैंण में राठ महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर पर्यावरण समेत विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए संस्था की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। समलौंण संस्था के संस्थापक वीरेंद्र दत्त गोदियाल ने बताया कि पहले यह आयोजन 14 जनवरी को होना था, लेकिन विधानसभा की आचार संहिता के चलते कार्यक्रम को स्थगित करना पड़ा। कहा कि अब मतदान संपन्न हो गया हैं, इसलिए संस्था की बैठक में आपसी रायशुमारी के बाद अब राठ महोत्सव आठ मार्च को जीआइसी चोलूसैंण में आयोजित होगा। कहा कि महोत्सव के आयोजन को लेकर बैठक में पूरी योजना बनाकर तैयारी शुरू कर दी गई है।